## बीमा सखी योजना

गोवा के मुख्यमंत्री ने 7 जनवरी 2025 को "सभी के लिए बीमा" प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य में 'बीमा सखी योजना' शुरू की।

### प्रमुख बिंदु

- गोवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित इस प्रमुख योजना को शुरू करने वाला **हरियाणा के बाद दूसरा राज्य** बन गया है।
- **पात्र :** केंद्र सरकार के अनुसार, भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की बीमा सखी योजना पहल **18-70 वर्ष** की आयु की उन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई है, जो **दसवीं कक्षा पास** हैं।
- **प्रशिक्षण का प्रावधान :** वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए , पहले तीन वर्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण और वजीफा दिया जाएगा।
  - प्रशिक्षण के बाद, वे एलआईसी एजेंट के रूप में काम कर सकती हैं।
- **सहायता राशि :** पहले साल उन्हें 7,000 रुपये प्रति माह, दूसरे साल 6,000 रुपये प्रति माह और तीसरे साल 5,000 रुपये प्रति माह का वजीफा दिया जाएगा।
  - कुल मिलाकर, इन बीमा सखियों को तीन साल की अवधि के दौरान **2.16 लाख रुपये** मिलेंगे।
- **महत्त्व :** यह योजना महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

## इसरो के अंतरिक्ष मिशन,2025

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने 2025 के लिए इसरो के आगामी प्रमुख अंतरिक्ष मिशनों की उच्च स्तरीय समीक्षा की अध्यक्षता की।

### प्रमुख बिंदु-

- घोषणा अनुसार "गगनयान" के पहले "**मानवरहित**" कक्षीय मिशन सहित, महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के साथ, भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयास अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए तैयार हैं।
- इसरो 2025 की पहली छमाही के लिए तैयार है, जिसमें **तकनीकी कौशल और अंतरराष्ट्रीय सहयोग** को दर्शाने वाले कई महत्वपूर्ण मिशन शामिल हैं।
  - इनमें से एक मुख्य मिशन **गगनयान के मानव रहित कक्षीय परीक्षण मिशन का प्रक्षेपण** है। यह महत्वपूर्ण प्रयास भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिसका उद्देश्य चालक दल की सुरक्षा और पुनर्प्राप्ति के लिए प्रणालियों को मान्य करना है।
  - इसके अलावा, दो **GSLV मिशन, LVM3** का एक वाणिज्यिक प्रक्षेपण और एनआईएसएआर (NISAR) उपग्रह पर बहुप्रतीक्षित इसरो-नासा सहयोग आने वाले महीनों में निर्धारित है।
  - जनवरी में **जीएसएलवी-एफ15 मिशन एनवीएस-02 नेविगेशन उपग्रह को ले जाएगा**, जिससे स्वदेशी रूप से विकसित एटॉमिक क्लॉक्स के साथ भारत की स्थिति निर्धारण और नेविगेशन क्षमताओं को मजबूती मिलेगी।
  - फरवरी में, GSLV-F16 मिशन **एनआईएसएआर (NISAR)** को लॉन्च करेगा, जो नासा के साथ मिलकर विकसित एक **परिष्कृत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह** है।
    - ✓ यह उन्नत रडार इमेजिंग तकनीक से लैस है, जो कृषि, प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु निगरानी पर महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करेगा।
  - मार्च के लिए निर्धारित वाणिज्यिक LVM3-M5 मिशन, अमेरिका स्थित AST स्पेसमोबाइल के साथ अनुबंध के अंतर्गत **ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रहों** को तैनात करेगा।

## भारत जीडीपी वृद्धि दर

संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं (डब्ल्यूईएसपी) 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था **2025 में 6.6 प्रतिशत** की दर से बढ़ने का अनुमान है।

### रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष

- भारतीय अर्थव्यवस्था में 2025 में 6.6% की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसे मुख्य रूप से मजबूत निजी उपभोग और निवेश का समर्थन प्राप्त होगा।
- इसके अलावा सेवाओं और कुछ विनिर्मित वस्तुओं में भारत की मजबूत निर्यात वृद्धि से आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिलेगा।
- रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण एशिया के लिए निकट-अवधि का दृष्टिकोण मजबूत रहने की उम्मीद बताई गयी है है, जिसमें **2025 में 5.7% और 2026 में 6.0 प्रतिशत की वृद्धि** का अनुमान है, जो "भारत में मजबूत प्रदर्शन के साथ-साथ भूटान, नेपाल और श्रीलंका सहित कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक सुधार से प्रेरित है "।
- रिपोर्ट के अनुसार 2025 में **वैश्विक वृद्धि 2.8 प्रतिशत** पर रहेगी।

## विकसित भारत युवा नेता संवाद

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत युवा नेता संवाद का आयोजन किया गया।

### प्रमुख बिंदु -

- इसका आयोजन **10-12 जनवरी** 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया गया।
- **उद्देश्य :** यह आयोजन, जो राष्ट्रीय युवा महोत्सव का एक नया रूप है, जिसका उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत के लिए अभिनव समाधान प्रस्तुत करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करना है।
- **प्रतिभागी :** देश भर के युवा नेताओं ने विकसित भारत के अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया है, जिसमें लगभग 30 लाख युवाओं ने भाग लिया है।
- इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में अलग-अलग विषयों पर चर्चा की गयी-
  - **10 जनवरी, 2025** – विषयगत प्रस्तुतियों, भ्रमण और सांस्कृतिक अनुभवों के साथ संवाद यात्रा का शुभारंभ
  - **11 जनवरी, 2025** – बौद्धिक जुड़ाव और सांस्कृतिक उत्सव का दिन
  - **12 जनवरी, 2025** – भविष्य को आकार देना : युवाओं ने प्रधानमंत्री के समक्ष भारत के भविष्य के लिए अभूतपूर्व विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत किए

## प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस

भारत के प्रधानमंत्री ने 9 जनवरी को **ओडिशा के भुवनेश्वर** में प्रवासी भारतीयों के लिए स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन "प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस" को हरी झंडी दिखायी।

### प्रमुख बिंदु -

- इसके जरिए **तीन हफ्तों तक** प्रवासी भारतीयों को देश के कई फेमस टूरिस्ट्स प्लेस और धार्मिक स्थलों को ट्रेन के जरिए घूमने का मौका दिया जाएगा।
- **मुख्य प्रायोजक :** इस ट्रेन को इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (IRCTC) के सहयोग से विदेश मंत्रालय की **'प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना'** के अंतर्गत चलाया जा रहा है। जिससे **केंद्र सरकार ट्रेन यात्रा से संबंधित सभी खर्च** करेगी।
- **कवर किए जाने वाले स्थान :** नई दिल्ली से अपनी यात्रा शुरू कर सफर के दौरान अयोध्या, पटना, गया, वाराणसी, महाबलीपुरम, रामेश्वरम, मदुरई, कोच्चि, गोवा, एकता नगर (केवडिया), अजमेर, पुष्कर और आगरा के फेमस टूरिस्ट्स प्लेस और धार्मिक स्थलों को कवर करेगी।
- **कुल यात्री :** ये ट्रेन लगभग **156 यात्रियों** को लेकर **तीन सप्ताह** की यात्रा करने वाली है।
- **फोकस वर्ग :** ट्रेन को विशेष रूप से कम आय वर्ग के 45 से 65 वर्ष की आयु वाले भारतीय मूल के व्यक्तियों (PIOs) के लिए डिजाइन किया गया है।
  - भारत सरकार 45 से 65 वर्ष की आयु वाले भारतीय मूल के व्यक्तियों (PIOs) के लिए उनके मूल देशों से भारत तक वापसी की फ्लाइट टिकट का 90% भी देगी।
- **उद्देश्य :** इसका उद्देश्य भारतीय प्रवासियों को देश की संस्कृति से जोड़ना है।

## हर घर कनेक्टिविटी योजना

हरियाणा राज्य सरकार ने एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है।

**प्रमुख बिंदु-**

- **गुजरात विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग** के अंतर्गत गुजरात फाइबर ग्रिड नेटवर्क लिमिटेड (GFGNL) विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से ग्रामीण घरों में **25,000 फाइबर-टू-होम (FTH) कनेक्शन** देने की योजना बना रहा है।
  - इन कनेक्शनों में वाई-फाई, केबल टीवी (फ्री-टू-एयर और पेड चैनल), ओटीटी (ओवर-द-टॉप टेलीविजन) और गेमिंग जैसी मूल्यवर्धित सेवाएं (VAS) शामिल होंगी।
- यह 'हर घर कनेक्टिविटी' (फाइबर टू फैमिली) पहल के तहत किया जाएगा, जिसे सुशासन दिवस (25 दिसंबर, 2024) के अवसर पर पेश किया गया था।
- पायलट प्रोजेक्ट के बाद, इस पहल को और **अधिक ग्रामीण परिवारों तक** लाभ पहुँचाने के लिए बढ़ाया जाएगा।
- **महत्त्व :** यह पहल सरकार से नागरिक (G2C) सेवाएँ और कृषि, पशुपालन और टेलीमेडिसिन के लिए IoT समाधान प्रदान करेगी और डिजिटल उपकरणों के साथ ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाएगी।

## पार्थ योजना

मध्य प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए पार्थ योजना लॉन्च की है।

**प्रमुख बिंदु**

- **पूरा नाम :** पुलिस आर्मी रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग एंड हुनर
- इस योजना में प्रदेश के युवाओं को **भारतीय सेना, पुलिस, पैरा मिलिट्री** आदि में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए भर्ती पूर्व ट्रेनिंग दी जाएगी।
- इस ट्रेनिंग में फिजिकल से लेकर परीक्षा तक की तैयारी करवाई जाएगी।
- शुरुआती दौर में प्रदेश के **सभी संभागों** में इस योजना को शुरू किया जा रहा है।

## डब्ल्यूईपी लॉन्च एम्पोवएचईआर बिज़

डब्ल्यूईपी ने एम्पोवएचईआर बिज़ - सपनों की उड़ान की शुरुआत की।

**प्रमुख बिंदु-**

- नीति आयोग के महिला उद्यमिता मंच (WEP) ने अपने **अवार्ड टू रिवॉर्ड (ATR) कार्यक्रम** के तहत भारत की सबसे बड़ी 24/7 सुविधा खुदरा श्रृंखला न्यू शॉप के साथ साझेदारी में एम्पोवएचईआर बिज़ - सपनों की उड़ान की शुरुआत की।
- **उद्देश्य :** इसका उद्देश्य संगठित खुदरा क्षेत्र में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और संसाधनों से लैस करके महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना है।
- एम्पोवएचईआर बिज़ महत्वाकांक्षी महिला उद्यमियों को खुदरा प्रबंधन, डिजिटल उपकरण, वित्तीय साक्षरता और व्यवसाय विकास को कवर करते हुए मेंटरशिप और व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- **लाभार्थी :** इस पहल के तहत, **18-35 वर्ष** की आयु के पचास प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। इनमें से शीर्ष बीस प्रतिभागियों को न्यू शॉप फ्रैंचाइज़ी शुल्क पर 100% छूट मिलेगी,
- **क्षेत्र :** यह कार्यक्रम दिल्ली एनसीआर, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश और गुजरात की महिलाओं के लिए शुरू किया जा रहा है।

## लघु समाचार - उत्तर प्रदेश

- हाल ही में सार्वजनिक प्रसारक प्रसार भारती के रेडियो प्रभाग आकाशवाणी ने **'कुंभवाणी'** नामक **एफएम चैनल** शुरू किया, जो **महाकुंभ 2025** से संबंधित जानकारी प्रसारित करने के लिए समर्पित है।
  - 103.5 मेगाहर्ट्ज की आवृत्ति पर प्रसारण करने वाला यह चैनल 10 जनवरी से 26 फरवरी तक रोजाना सुबह 5.55 बजे से रात 10.05 बजे तक प्रसारित होगा।

## रिपोर्ट/इंडेक्स

**हेनले पासपोर्ट इंडेक्स**

- यह इंडेक्स फर्म हेनले एंड पार्टनर्स द्वारा जारी किया गया हैं।

- वैश्विक पासपोर्ट सूचकांक, 2025 में भारत की रैंकिंग इस वर्ष **पांच अंक गिरकर 85** हो गई है।
- 2024 के लिए हेनले पासपोर्ट सूचकांक में भारत की रैंकिंग विश्व स्तर पर 80 थी।
- **सिंगापुर** लगातार दूसरे वर्ष इस इंडेक्स में शीर्ष पर है।
- इस साल जापान की रैंकिंग दूसरे नंबर पर रही।
- इस इंडेक्स में 199 विभिन्न पासपोर्ट और 227 विभिन्न यात्रा गंतव्य शामिल किए गए हैं।

**अन्य देशो की रैंक**

- पाकिस्तान और बांग्लादेश की रैंकिंग क्रमशः 103वीं (2024 में 101वीं) और 100वीं (2024 में 97वीं) है।
- अमेरिका की रैंकिंग 2025 के लिए 9वीं होगी,( 2024 में 7वीं), जबकि चीन की रैंकिंग 2024 में 62वीं से बढ़कर 60वीं हो गई।

## पुरस्कार/उपाधि

**प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार, 2025**

- सऊदी अरब में रहने वाले प्रतिष्ठित भारतीय चिकित्सक डॉ. **सैयद अनवर खुर्शीद** को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया।
- यह भारत सरकार द्वारा **प्रवासी भारतीयों के लिए सर्वोच्च सम्मान** है।




- यह पुरस्कार स्वास्थ्य सेवा, सामुदायिक कल्याण और भारत और सऊदी अरब के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके उल्लेखनीय योगदान का जश्न मनाता है।
- 45 से अधिक वर्षों के चिकित्सा अनुभव के साथ, डॉ. खुर्शीद ने COVID-19 महामारी के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- वे किंग अब्दुल्ला के निजी फ़िज़िशियन भी थे।

## चर्चित व्यक्तित्व-वैश्विक

**जोसेफ औन**



- जोसेफ औन को **लेबनान के राष्ट्रपति** के रूप में चुना गया है, जिससे दो साल से अधिक समय से चली आ रही राष्ट्रपति पद की रिक्तता समाप्त हो गई है।
- वह 60 वर्ष के है।

## महत्वपूर्ण दिन/दिवस

**10 जनवरी**

**विश्व हिंदी दिवस**




- विश्व हिंदी दिवस, **10 जनवरी** को मनाया जाता है, यह दिन हिंदी भाषा की बढ़ती वैश्विक पहचान और सम्मान को दर्शाने के लिए समर्पित है।
- 10 जनवरी 1949 को हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में अपनाया गया था।
- भारत सरकार ने **2006** में इस दिन को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की थी, ताकि हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रतिष्ठा मिल सके।
- **वर्ष 2025 की थीम है :** 'एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज।'

## अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

**नई दिल्ली**

- कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कॉरपोरेट विवादों और दिवालियापन मामलों को संभालने वाली प्रमुख संस्था **राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी)** में **24 नए** न्यायिक और तकनीकी सदस्यों की नियुक्ति की है।
- नव नियुक्त सदस्य **5 वर्ष तक या 65 वर्ष** की आयु तक कार्य करेंगे।
- नियुक्त सदस्यों में न्यायिक सदस्य के रूप में न्यायमूर्ति ज्योत्सना शर्मा और तकनीकी सदस्य के रूप में हरिहरन नीलकंठ अय्यर शामिल हैं।

## विविध

- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी वर्ष के अंत की समीक्षा के अनुसार, भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की लंबाई **पिछले 10 वर्षों में 60 प्रतिशत बढ़कर 2014 में 91,287 किमी से 2024 में 146,195 किमी** हुई, जिससे यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क बन जाएगा।
  - राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर भी 2014 में मात्र 93 किमी से बढ़कर 2024 में 2,474 किमी हो गया है, जो देश के बुनियादी ढांचे में भारी सुधार को दर्शाता है।
- विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) के अनुसार वर्ष 2024, **1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि** के निशान को पार करने वाला पहला साल बन गया है। छह अलग-अलग डेटासेट के आंकड़ों के आधार पर, 2024 में औसत वार्षिक वैश्विक तापमान **पूर्व-औद्योगिक समय (1850-1900 की अवधि का औसत)** की तुलना में 1.55 डिग्री सेल्सियस अधिक था।
- भारत वर्ष 2026 में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (CSPOC) की मेज़बानी करेगा। यह कार्यक्रम संसदीय प्रक्रियाओं में **कृत्रिम बुद्धिमत्ता** और सोशल मीडिया के उपयोग पर केंद्रित होगा।
- एक अभूतपूर्व उपलब्धि के रूप में, भारत की **स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली, एसएसआई मंत्रा** ने **286 किलोमीटर** की दूरी पर टेलीसर्जरी के माध्यम से दो रोबोटिक हृदय शल्यचिकित्सा सफलतापूर्वक की। ये सर्जरी जयपुर के मणिपाल अस्पताल में गुरुग्राम से संचालित डॉ. सुधीर श्रीवास्तव द्वारा की गई।

❍❍❍❍